# D.El.Ed. I-Year Annual Examination 2022

Paper Code: 108

*Roll No.*00046374

Total Pages : 7

**D.El.Ed-I/8/22**

## Mathematics Education
## गणित शिक्षा

**Time : 3 Hours** | **Maximum Marks : 75**

समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 75

### GENERAL INSTRUCTIONS:

i) All questions are compulsory.

ii) This question paper has two parts, I and II. Part-I has five questions of 10 marks each and Part-II has five questions of 5 marks each.

iii) The expected length of the answer of questions of Part-I (10 marks) is approximately 600 words and it is 300 words for the questions of Part-II (5 marks).

### सामान्य निर्देश:

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) इस प्रश्न पत्र के दो भाग हैं। भाग-I में 10-10 अंकों के पाँच प्रश्न हैं। भाग-II में 5-5 अंकों के पाँच प्रश्न हैं।

iii) भाग-I के प्रश्नों (10 अंक) के लिए आपसे अपेक्षा है कि आप उत्तर लगभग 600 शब्दों में लिखें तथा भाग-II के प्रश्नों (5 अंक) का उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखें।



P.T.O.

## PART-I ( भाग-I)

1. How far you agree with the statement "Mathematics is the father of all subject". Validate your answer with suitable example. (10)

''गणित सभी विषयों का जन्मदाता है'' इस कथन से आप कितना सहमत हैं? अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

2. NFC-2005 emphasizes on word 'Mathematization'. What do you mean by it? What is National Vision regarding teaching of Mathematics at Primary level. ($2\frac{1}{2}+5+2\frac{1}{2}=10$)

NCF-2005 'गणितीयकरण' शब्द पर जोर देता है, गणितीयकरण से आप क्या समझते हैं। प्राथमिक स्तर पर गणित शिक्षण को लेकर राष्ट्रीय नीति क्या है, स्पष्ट करें।

OR/अथवा

What is the difference between place value and face value of a number? In the absence of zero, how ancient people used to write big numbers. How will you introduce the concept of face value and place value in class 3?

स्थानीय मान और अंकित मान में क्या अन्तर है? शून्य की अनुपस्थिति में प्राचीन समय में लोग बड़ी संख्याएँ किस तरह लिखते थे? कक्षा 3 में स्थानीय मान और अंकित मान को आप किस तरह पढ़ायेंगे?

3. Explain Inductive and Deductive Methods of teaching mathematics. What are the limitations of these two methods? (2+2+6=10)

गणित पढ़ाने की आगमन व निगमन विधि को स्पष्ट करें। इन दोनों विधियों की क्या सीमाएँ हैं?

OR/अथवा

What is the difference between analytic and synthetic merthod of teaching mathematics. Which method would you prefer in teaching mathematics and why?

गणित पढ़ाने की संश्लेषणात्मक व विश्लेषणात्मक विधि से आप क्या समझते हैं। आप कक्षा में गणित पढ़ाते समय कौन-सी विधि का प्रयोग करेंगे और क्यों?

4. Explain the characteristics of good TLM (Teaching Learning Material) with examples in teaching mathematics. Mention 3 teaching learning materials you used during your school experience programme to make teaching effective. (1½+1½+7=10)

गणित शिक्षण के लिए अच्छे शिक्षण-अधिगम सामग्री की विशेषताएँ उदाहरण के साथ स्पष्ट करें। आपने विद्यालयी शिक्षण अनुभव के समय जिन तीन शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग अपने शिक्षण को प्रभावी बनाने में किया है, उनका उल्लेख करें?

5. What is the basic differnece between Micro lesson plan and lesson plan. Design a suitable micro lesson plan to develop the skill of probing question on any topic of mathematics. (6+4=10)

सूक्ष्म-पाठ योजना और पाठ-योजना में क्या अन्तर है? प्रश्न-पूछने की कला को विकसित करने के लिए गणित के किसी अध्याय पर एक उपयुक्त सूक्ष्म पाठ योजना निर्माण करें?

OR/अथवा

Write three characteristics of Diagnostic Test. How will you plan to construct a good diagnostic test? give a sample of diagnostic test.

निदानात्मक परीक्षण की तीन विशेषताओं का उल्लेख करें। एक अच्छे निदानात्मक परीक्षण बनाने के लिए आप किस तरह की तैयारी करेंगे? निदानात्मक परीक्षण का एक प्रारूप प्रस्तुत करें।

## PART-II ( भाग-II)

6. What is Mathematics? Do you agree that Mathematical knowledge is essential in understanding:

a) Social Value

b) Aesthetic Value

Explain your answer with example. (3+2=5)

गणित क्या है? क्या आप इस बात से सहमत है कि:

क) सामाजिक मूल्य

ख) सौंदर्य मूल्य

को समझने के लिए गणितीय ज्ञान की आवश्यकता है, उदाहरण से स्पष्ट करें।

OR/अथवा

To understand the basic structure of Mathematical Knowledge Notation and Algorithm are important factor. Support your answer by taking suitable examples. How algorithm help you in teaching Math at primary level.

गणित की मूलभूत संरचना को समझने के लिए चिन्हों और कलन विधि की आवश्यकता पड़ती है। अपनी बातों को स्पष्टता देने के लिए उपयुक्त उदाहरण देकर पुष्टि करें। प्राथमिक स्तर पर गणित पढ़ाने के लिए कलन विधि किस प्रकार उपयोगी है?

7. What are the four fundamental operations of arithmetics? How will you teach 'Addition' in primary level. (1½+3½=5)

अंकगणित की चार मूलभूत संक्रियाएँ कौन-कौन सी है? प्राथमिक स्तर पर 'योग' सिखाने के लिए कैसे पढ़ाऐंगे?



P.T.O.

OR/अथवा

How will you introduce the concept of division in Class IV? How will you explain ÷ # 1 in your class? Explain with some activity prepared for your class.

कक्षा 'चार' में भाग को आप कैसे पढ़ायेंगे? ÷ # 1 को पढ़ाने के लिए आप क्या प्रयास करेंगे। उपयुक्त क्रियाकलाप जो आप अपनी कक्षा के लिए बनाएँगे उसके बार में अपने विचार साझा करें?

A student writes:

$$\frac{2}{3}+\frac{1}{4}=\frac{3}{7}$$

Diagnose his/her problem and how will you design your lesson plan to remove such mistakes? (2½+2½=5)

एक विद्यार्थी इस प्रकार लिखती/लिखता है-

$$\frac{2}{3}+\frac{1}{4}=\frac{3}{7}$$

विद्यार्थी की समस्या को पहचानते हुए इसका निदान करने के लिए आप एक उपयुक्त पाठ-योजना का निर्माण करें।

Mathematical Games and Puzzles are helpful tools in teaching math effectively. Give 3 suitable examples each of games and puzzles you would love to design for your

गणितीय खेल व पहेली गणित को पढ़ाने के लिए एक उपयोगी साधन है। अपनी कक्षा के लिए आप कौन से तीन पहेली और खेल बनाना पसंद करेंगे, उसे स्पष्ट करें।

10. What is inclusive education? Suppose your class has two students with visual impairment, what steps would you take to enhance Mathematical skills of such students.

(2½+2½=5)

समावेशी शिक्षा क्या है? मान लीजिए, आपकी कक्षा में दो दृष्टि-बाधित विद्यार्थी हैं, उनकी गणितीय कौशल के विकास के लिए आप क्या-क्या कदम उठायेंगे?

## D.El.Ed. I Year Annual Examination 2022

**Paper Code: 107** *Roll No.* 0004[illegible]374

Total Pages : 4

**D.El.Ed-I/7/22**

# Language Education (English)

# भाषा शिक्षा ( अंग्रेजी )

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 75**

समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 75

**GENERAL INSTRUCTIONS:**

1. All questions are compulsory.

2. This paper has two parts. Part-I has five questions of 10 marks each and Part-II have questions of 5 marks each.

3. Questions from Part-I carry 10 marks each. Expected length of the answer is approximately 600 words.

4. Questions from Part-II carry 5 marks each. Expected length of the answer is approximately 300 words.

******



P.T.O.

## PART - I

1. What is the need for creating an oral language learning environment at the primary level? How can you develop the oral language and oral expression at primary level? Support your answer with suitable examples from your SEP. (2½+2½=5)

2. What is listening skill? Listening skill is the basic foundation of all the skills. Do you agree. Justify your answer. Write down the strategies to promote the listening speaking habits among learners. (2½+2½=5)

3. What do you mean by Reading Picture Books? How Reading Picture Books be helpful for developing Reading Skills at an early stage? Write five strategies you can use to promote your reader for genuine desire or need to read. (2½+2½=5)

OR

Write five key points to develop 'Skill of Writing' to beginners. How the skill of writing is important for students at primary level? Support your answer with relevant examples. (2½+2½=5)

4. Write the need and importance of lesson planning. Develop a lesson plan for class V on any topic of

OR

What is lesson planning? Highlight the essential components of lesson plan. Develop a lesson plan on any poem of Class IV. (2+2+6=10)

5. What are the common errors students make in writing skills? How remedial teaching is helpful for the students with learning deficiency? Discuss with relevant examples. (4+4+2=10)

OR

Explain the techniques used by the teacher for assessing reading comprehension. How can you motivate the learner for self-assessment? Give two examples in support of your answer. (4+4+2=10)

## PART-II

6. What is Reading? Explain the mechanics of Reading with relevant examples. (2+3=5)

7. How can you as a teacher inspire your learner for learning the second language? Write five essential qualities of a good language teacher based on your SEP. (2½+2½=5)

What is the positio ı of English language teaching in India? Discuss the aims and objectives of teaching English language at primary level. (2½+2½=5)

8. What is the difference between hearing and listening? How will you assess listening and speaking skill of learners? (1+2+2=5)

OR

What is active listening? Write factors which affects listening and speaking skills. (1+2+2=5)

9. How will you assess writing skills of the learners at primary level? Explain the criteria on which you will assess them. (2½+2½=5)

10. Write short notes on any *two* :

a) Approaches of teaching English at Primary Level

b) Importance of language games

c) Working on practice notebooks

d) Phonemic drills

**D.El.Ed. I Year Annual Examination 2022**

**Paper Code: 112** **Roll No.** 00046374

**Total Pages : 4**

**D.El.Ed-I/12/22**

# Art Education

# कला शिक्षा

**Time : 2½ Hours** **Maximum Marks : 50**

**समय : 2½ घंटे** **अधिकतम अंक : 50**

## GENERAL INSTRUCTIONS:

i) All questions are compulsory.

ii) Question No.1 is of 10 marks. It has three parts. Attempt any two. Each part is of 5 marks. The expected length of answer is approximately 300 words.

iii) Question No.2 to 6 are of 8 marks each. The expected length of answer is approximately 500 words.

## सामान्य निर्देशः

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) प्रथम प्रश्न 10 अंक का है। इस प्रश्न के तीन भाग हैं। इनमें से किन्हीं दो भागों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग के 5-5 अंक हैं। प्रत्येक भाग का उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।

iii) प्रश्न न. 2 से 6 तक हर प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. Attempt any two of following :

निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

a) What skills can be developed among students through story telling? (5)

कहानी कथन से विद्यार्थियों में किन कौशलों का विकास किया जा सकता है?

b) Explain any method of preparing puppet along with diagram. (5)

कठपुतली बनाने की किसी एक विधि का सचित्र वर्णन करें।

c) Write a story related to sound effect for Primary level of school children. (5)

प्राथमिक स्तर के विद्यालयी बच्चों के लिए ध्वनि प्रभाव से संबंधित एक कहानी लिखें।

2. Explain the concept of Art Education at Primary level. (8)

प्राथमिक स्तर पर कला शिक्षा की अवधारणा पर प्रकाश डालें।

OR

अथवा

What is Aesthetics? Explain the concept of aesthetics in Education. (2+6=8)

सौन्दर्य क्या है? शिक्षा में सौन्दर्य की अवधारणा को स्पष्ट करें।

3. Define Folk Art. How does the understanding of regional / Folk arts enhances the learning capacity of students? (2+6=8)

लोक कला को परिभाषित करें। क्षेत्रीय/लोक कलाओं की समझ विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को कैसे समुन्नत करती है।

4. What is Art Integrated learning? How can art be integrated with the teaching of language and math at primary level give suitable exaples. (2+3+3=8)

कला एकीकृत अधिगम क्या है? प्राथमिक स्तर के शिक्षण में भाषा और गणित से कला को कैसे एकीकृत करेंगे।

5. What do you understand by continuous and comprehensive evaluation? Describe the tools and techniques of evaluation. (2+6=8)

सतत् और सारगर्भित मूल्याँकन से आप क्या समझते हैं? मूल्याँकन के उपकरणें और युक्तियों का वर्णन करें।

6. Write short notes on any two of the following: (4+4=8)

1) Collage Making

2) Block Printing

3) Poster Colour

4) Rangoli materials

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें -

1) कोलाज निर्माण

2) ब्लॉक प्रिंटिंग

3) पोस्टर रंग

4) रंगोली सामग्री

**D.El.Ed. I Year Annual Examination 2022**

**Paper Code: 110** *Roll No.* 0004637 4

**Total Pages : 4**

**D.El.Ed-I/10/22**

# Health and Physical Education

# स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा

**Time : 2½ Hours** **Maximum Marks : 50**

समय : 2½ घंटे अधिकतम अंक : 50

## GENERAL INSTRUCTIONS:

i) All questions are compulsory.

ii) Question No.1 is of 10 marks. It has three parts. Attempt any two. Each part is of 5 marks. The expected length of answer is approximately 300 words.

iii) Question No.2 to 6 are of 8 marks each. The expected length of answer is approximately 500 words.

## सामान्य निर्देश:

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) प्रश्न न. 1 दस अंक का है। इस प्रश्न के तीन भाग हैं। इनमें से किन्हीं दो भागों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग के 5-5 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।

iii) प्रश्न न. 2 से 6 तक हर प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. Attempt any *two* of the following: (5x2=10)

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए:

a) Explain briefly any two games/activities for children with special needs. (2½+2½=5)

किन्हीं दो खेलों/गतिविधियों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए जिनमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चे शामिल हो सके।

b) Write down any two lead-up activities based on major games and sports. (2½+2½=5)

प्रमुख खेलों पर आधारित किन्हीं दो पूरक गतिविधियों को लिखिए।

c) Prepare any one recreational activity/game for children of class 3 for the development of any of the values - Cooperation, Empathy, Team spirit etc. (5)

कक्षा 3 के बच्चों के लिए कोई एक मनोरंजक गतिविधि / खेल तैयार करें जिससे सहयोग, सहानुभूति जैसे किसी मूल्य, टीम भावना का विकास हो।

2. Define Health. Briefly explain the various components of heatlh? Write down major determinants that affect the health of the children. (1+4+3=8)

स्वास्थ्य को परिभाषित करें। स्वास्थ्य के विभिन्न घटकों का संक्षेप में वर्णन करें? बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले प्रमुख निर्धारकों को लिखिए।

OR

अथवा

What do you meay by "School Health"? How does the school health affects the learning of the children? (5+3=8)
'विद्यालय के स्वास्थ्य' से आप क्या समझते हैं? स्कूल का स्वास्थ्य बच्चों की पढ़ाई को कैसे प्रभावित करता है?

3. What do you understand by the term Health Awareness and Health Assessment? Prepare a child's "Health Card" for the primary level? (2+2+4=8)
स्वास्थ्य जागरूकता और स्वास्थ्य आकलन से आप क्या समझते हैं? प्राथमिक स्तर के बच्चे का "स्वास्थ्य कार्ड" तैयार करें।

OR

अथवा

What is the importance of "Good Posture"? Briefly, explain the cause and remedies of any two postural defects? (3+2½+2½=8)
"अच्छे आसन" का क्या महत्व हैं? संक्षेप में, किन्हीं दो आसन दोषों के कारण और उपचार की व्याख्या करें।

4. What do you mean by Safety Education? Write down the common causes of sports injuries? What First Aid you will provide in case of sprain and fracture? (1+3+2+2=8)
सुरक्षा शिक्षा से आप क्या समझते हैं? खेल में होने वाली विभिन्न चोटों के सामान्य कारणों को लिखिए। मोच और अस्थिभंग की स्थिति में आप क्या प्राथमिक उपचार देंगे?

5. Name the various methods of teaching in Physical Education. Explain any two methods with appropriate examples. (4+2+2=8)



P.T.O.

शारीरिक शिक्षा शिक्षण की विभिन्न शैक्षिक विधियों के नाम लिखिए। उपयुक्त उदाहरणों के साथ किन्हीं दो विधियों की व्याख्या कीजिए।

6. Write short notes on the following: (2+2+2+2=8)

a) School Health Services

b) Rationale of Mid-day Meal

c) Principles of Lesson Plan

d) Importance of Warming Up

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए :

a) स्कूल स्वास्थ्य सेवाएँ

b) मध्याह्न भोजन का औचित्य

c) पाठ योजना के सिद्धान्त

d) वार्मिंगअप का महत्त्व

## Part-I

## भाग-I

1. Explain the concept and significance of Environmental studies. How does Environmental Studies at primary level help in solving daily life problems? Justify your answer with suitable examples. (4+6=10)

पर्यावरण अध्ययन की अवधारणा और महत्व की व्याख्या करें। प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने में किस प्रकार सहायता करता है? उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

2. Define the term Integration. As a primary school teacher how can you integrate Environmental Studies with language studies at primary level, Elaborate your answer with the help of examples? (2+8=10)

एकीकरण शब्द को परिभाषित करें, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक के रूप में आप प्राथमिक स्तर पर भाषा अध्ययन के साथ पर्यावरण अध्ययन को कैसे एकीकृत कर सकते हैं, उदाहरणों की सहायता से अपने उत्तर को विस्तृत करें?

3. What do you mean by Process Skills in Environmental studies? Discuss in detail Classification & Prediction skills. Also write activities to enhance them. (2+4+4=10)

पर्यावरण अध्ययन में प्रक्रिया कौशल से आप क्या समझते हैं? "वर्गीकरण" और "अनुमान" कौशल के बारे में विस्तार से चर्चा करें। उनके संवर्धन के लिए गतिविधियाँ भी लिखें।

OR

अथवा

Define Micro lesson Planning .Select a topic of your choice from EVS textbook of primary level of NCERT and prepare a lesson plan for inclusive classroom. (2+8=10)

सूक्ष्म पाठ योजना को परिभाषित करें। एनसीईआरटी के प्राथमिक स्तर की ईवीएस पाठ्यपुस्तक से अपनी पसंद का एक विषय चुनें और समावेशी कक्षा के लिए एक पाठ योजना तैयार करें।

4. "Collection - As a teaching learning material in teaching EVS at upper primary level". Justify this statement with 5 suitable examples. (10)

"संग्रह - उच्च प्राथमिक स्तर पर ईवीएस शिक्षण में शिक्षण अधिगम सामग्री के रूप में" इस कथन को 5 उपयुक्त उदाहरणों के साथ तर्कसंगत ठहराएँ।

OR

अथवा

P.T.O.

"Weather charts play an important role in teaching EVS at primary level". Justify this statement with 5 suitable examples. (10)

''प्राथमिक स्तर पर ईवीएस के शिक्षण में मौसम चार्ट की महत्वपूर्ण भूमिका है। पाँच उपयुक्त उदाहरणों की मदद से इस कथन की तर्कसंगतता लिखें।

5. Describe the relationship between assessment and evaluation. Which tool and technique will be suitable for the assessment of project work? Explain any two reasons for selecting the particular tool and technique for the assessment of project work. (2+2+3x2=10)

आकलन और मूल्याँकन के बीच संबंध का वर्णन करें। परियोजना कार्य के आकलन के लिए कौन-सा उपकरण और तकनीक उपयुक्त होगी? परियोजना कार्य के आकलन के लिए विशेष उपकरण और तकनीक के चयन के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या करें।

OR

अथवा

Describe the relationship between continuous and comprehensive evaluation. Which tool and technique will be suitable for the assessment of term end achievement? Explain any two reasons for selecting the particular tool and technique for the assessment of term end achievement. (2+2+3x2=10)

मूल्याँकन में सतत और व्यापक के बीच संबंध का वर्णन करें। सत्र अंत उपलब्धि के आकलन के लिए कौन-सा उपकरण और तकनीक उपयुक्त होगी? सत्र अंत उपलब्धि के आकलन के लिए विशेष उपकरण और तकनीक के चयन के लिए किन्हीं दो कारणों की व्याख्या करें।

## Part-II

## भाग-II

Attempt any five questions: (5x5=25 )

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें:

6. State 5 objectives of teaching Environmental studies at primary level? Explain these objectives with special reference to NCF-2005. (5)

   प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने के 5 उद्देश्य बताइए? एनसीएफ-2005 के विशेष संदर्भ में इन उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

7. Explain the importance of commemorating the National and International days in terms of the development of values, attitudes and skills among students in environmental studies class. (2+1+2=5)

   पर्यावरण अध्ययन कक्षा में विद्यार्थियों के बीच मूल्यों, दृष्टिकोण और कौशल के विकास के संदर्भ में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने के महत्व की व्याख्या करें।

8. Explain the role of any 5 community resources in the teaching learning of EVS? (5)

ईवीएस के शिक्षण अधिगम में किन्हीं 5 सामुदायिक संसाधनों की भूमिका की व्याख्या करें?

9. Write short notes on any two of the following: $(2\frac{1}{2}+2\frac{1}{2}=5)$

a) Concept maps & Thematic maps

b) Low cost/No cost teaching materials.

c) Usage of Environmental study Kits

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

क) संकल्पना मानचित्र और विषयगत मानचित्र

ख) कम लागत/बिना लागत वाली शिक्षण सामग्री

ग) पर्यावरण अध्ययन किट का उपयोग

10. Maya, a teacher of environmental studies, organized group work for the students and for the assessment of students from the group work she wants to prepare self and peer assessment tools with the support of students. Suggest at least two criterias for the self assessment and three criterias for the peer assessment tools. (2+3=5)

माया, पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका, विद्यार्थियों के लिए समूह कार्य का आयोजन करती है और समूह कार्य से विद्यार्थियों के सीखने के आकलन के लिए वह विद्यार्थियों के सहयोग से स्वआकलन और सहपाठी आकलन के उपकरणों को तैयार करना चाहती है। स्वआकलन के लिए कम से कम दो और सहपाठी आकलन उपकरणों के लिए तीन मानदंड सुझाएं।

**D.El.Ed. I Year Annual Examination 2022**

**Paper Code: 111** **Roll No.** 00046374

**Total Pages : 4**

**D.El.Ed-I/11/22**

# Work Education

# कार्य शिक्षा

**Time : 2½ Hours** **Maximum Marks : 50**

**समय : 2½ घंटे** **अधिकतम अंक : 50**

## GENERAL INSTRUCTIONS:

i) All questions are compulsory.

ii) Question No.1 is of 10 marks. It has three parts. Attempt any two. Each part is of 5 marks. The expected length of answer is approximately 300 words.

iii) Question No.2 to 6 are of 8 marks each. The expected length of answer is approximately 500 words.

## सामान्य निर्देशः

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) प्रथम प्रश्न 10 अंक का है। इस प्रश्न के तीन भाग हैं। इनमें से किन्हीं दो भागों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग के 5-5 अंक हैं। प्रत्येक भाग का उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।

iii) प्रश्न न. 2 से 6 तक हर प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।



P.T.O.

1a) Work Education as a subject is not limited to classroom situation rather it is related to life. Due to Covid 19, students were at home. As a teacher, what activities would you suggest to parents of class V students that they can help their children to be engaged in activities related to the area 'Housing'. Mention any five with one objective for each. (1x5=5)

कार्य शिक्षा विषय कक्षा तक सीमित न होकर हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है। कोविड 19 के कारण, विद्यार्थी अधिकांशतः घर पर ही थे। एक प्राथमिक अध्यापक होने के नाते आप कक्षा पाँच के विद्यार्थियों के माता-पिता को, 'आवास' कार्य क्षेत्र से संबंधित किन गतिविधियों को करवाने के लिए सुझाव देंगे? ऐसी किन्हीं पाँच क्रियाओं का एक-एक उद्देश्य के साथ उल्लेख करें।

b) Discuss any five myths related to work eductaion which have been resolved due to your insights gained through its study and practical experiences. (5)

कार्य शिक्षा विषय से संबंधित किन्हीं पाँच भ्रांतियों की चर्चा करें जो अब, इस विषय के अध्ययन एवं प्रायोगिक अनुभवों के कारण हल हो चुकी हैं।

c) What do you understand by 'Manual Work'? Plan any three manual activities that you would organise for class II students. (2, 1+1+1)

'शारीरिक कार्य' से आप क्या समझते हैं? कक्षा दो के विद्यार्थियों को करवाई जाने वाली किन्हीं तीन शारीरिक गतिविधियों की योजना बनाएँ।

2. Discuss the concept of 'Work Education'. Do you think that it should be an important subject at primary level? Cite any six reasons. (2, 1x6)

'कार्य शिक्षा' के अवधारणा को स्पष्ट करें। प्राथमिक स्तर पर यह एक महत्वपूर्ण विषय होना चाहिए, क्या आप ऐसा सोचते हैं? कोई छः कारण बताएँ।

3. Write briefly the historical journey of work education from Kothari Commission (1964-66) to NCF (2005). (8)

कोठारी कमीशन (1964-66) से लेकर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2005) तक की कार्य शिक्षा विषय के ऐतिहासिक सफर को संक्षेप में लिखें।

4. Prepare a monthly activity plan of Work Education activities for the months of April-May for Class II. (8)

कक्षा द्वितीय के लिए कार्य शिक्षा गतिविधियों की अप्रैल-मई माह की मासिक कार्य योजना का निर्माण करें।

OR अथवा

Prepare a monthly activity plan of work education activities for the months of July-August for Class V students.

कक्षा पाँच के विद्यार्थियों हेतु कार्य शिक्षा गतिविधियों की जुलाई-अगस्त माह की मासिक कार्य योजना का निर्माण करें।

5. Enlist any three different ways of evaluating Work Education activities of Primary Class students. Discuss any two citing examples. (3, 2½+2½)

प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों की 'कार्य शिक्षा' विषय संबंधी गतिविधियों के मूल्यांकन के किन्हीं तीन तरीकों की सूची बनाएँ। इनमें से किन्हीं दो की उदाहरण सहित चर्चा करें।

6. Briefly write about the nature of Work Education activities and their important role in development of children. (4,4)

कार्य शिक्षा गतिविधियों की प्रकृति की संक्षिप्त चर्चा करें। इन गतिविधियों की बच्चों के विकास में क्या महत्वपूर्ण भूमिका है, इसकी चर्चा करें।

OR अथवा

Differentiate between essential and elective activiites. Write any four ways in which essential activities help in development of children. (4,4)

अनिवार्य एवं वैकल्पिक क्रियाओं में भेद करें। अनिवार्य क्रियाएँ बच्चों के विकास में किस प्रकार सहायक हो सकती हैं, इसके कोई चार तरीके लिखिए।

## D.El.Ed. I Year Annual Examination 2022

**Paper Code: 102** *Roll No.* 00046374

Total Pages : 4

**D.El.Ed-I/2/22**

# Education and Society
# शिक्षा एवम् समाज

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 75**

समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 75

**GENERAL INSTRUCTIONS:**

i) All questions are compulsory.

ii) This question paper has two parts I and II.
Part-I has five questions of 10 marks each and Part-II has five questions of 5 marks each.

iii) The expected length of the answer of questions of Part-I (10 marks) is approximately 600 words and it is 300 words for the questions of Part-II (5 marks).

**सामान्य निर्देशः**

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) इस प्रश्न पत्र के दो भाग हैं। भाग-I में 10-10 अंकों के पाँच प्रश्न हैं। भाग-II में 5-5 अंकों के पाँच प्रश्न हैं।

iii) भाग-I के प्रश्नों (10 अंक) के लिए आपसे अपेक्षा है कि आप उत्तर लगभग 600 शब्दों में लिखें तथा भाग-II के प्रश्नों (5 अंक) का उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखें।

P.T.O.

## Part-I

## भाग-I

1. 'Education and society are interdependent'. Justify the statement by taking example of school. Explain interdependency of school and society. (4+6=10)
'शिक्षा और समाज पारस्परिक रूप से एक-दूसरे पर निर्भर करते हैं'। इस कथन की पुष्टि विद्यालय का उदाहरण लेते हुए दीजिए तथा विद्यालय व समाज की पारस्परिक निर्भरता बताइये।

2. Explain the major forms of inequalties that exist in our country. Discuss the remedial measures to be taken to overcome them. (4+6=10)
हमारे देश में पायी जाने वाली असमानताओं की व्याख्या कीजिए इनको दूर करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं? चर्चा कीजिए।

3. What do you understand by Right to Education Act 2009? What are the major recommendations and what is its impact on school education? Explain. (5+5=10)
शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 से आप क्या समझते हैं? इस अधिनियम की मुख्य संतुतियाँ क्या है और इनका विद्यालयी शिक्षा पर क्या प्रभाव हुआ है? व्याख्या कीजिए।

OR/अथवा

Describe the basic features of NPE (1986) and discuss the implications of NPE 1986 for Primary Education. (5+5=10)
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के प्रमुख बिन्दुओं की चर्चा कीजिए और प्राथमिक शिक्षा के लिए इसकी प्रमुख संतुतियों का वर्णन कीजिए।

4. Explain the main reasons for low enrolment and retention among girls. Discuss the various measures recommended by National Policy on Education 1986 to equalise educational opportunities for girls in primary education. (4+6=10)

बालिकाओं के नामांकन और विद्यालय में बने रहने के कम होने के क्या कारण है? प्राथमिक शिक्षा में बालिकाओं को समान शैक्षिक अवसर देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में कौन-कौन से प्रावधान किए गए।

5. What do you understand by child friendly learning environment? Prepare guidelines for developing a resource centre in an inclusive school. (4+6=10)

आप बाल अनुकूलन अधिगम वातावरण से क्या समझते हैं? एक समावेशी विद्यालय के संदर्भ केन्द्र बनाने के लिए दिशा-निर्देश तैयार कीजिए।

## Part-II

## भाग-II

6. What is the meaning of equalisation of Educational Opportunities? Discuss it with special refernce to Constitution of India. (3+2=5)

शैक्षिक अवसर की समानता से क्या अभिप्राय है? भारतीय संविधान के विशेष संदर्भ में व्याख्या कीजिए।

7. Write the Constitutional Provisions regarding education and discuss their relevence also. (2½+2½=5)

शिक्षा से सम्बन्धित संवैधानिक प्रावधानों का उल्लेख कीजिए और उनकी प्रासंगिकता बताइए।

P.T.O.

OR/अथवा

What are the essential ingredients of an education legislation? (2½+2½=5)

शैक्षिक कानून के आवश्यक तत्व क्या हैं?

8. What do you understand by neighbourhood school system as recommended by Kothari Commission? (5)

कोठारी आयोग द्वारा प्रस्तावित नेबरहुड स्कूल सिस्टम से आप क्या समझते हैं?

9. What are different kinds of needs of marginalized and under privileged student? How can teacher address them in the inclusive classroom?

हाशिए पर रह रहे और सुविधा वंचित समूह के विद्यार्थियों की विभिन्न शैक्षिक आवश्यकताएें क्या हैं? एक समावेशी कक्षा में अध्यापक उन्हें कैसे संबोधित करेंगे?

10. Write short notes on any *two* : (2½+2½=5)

किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखे -

a) Why is school considered as social unit?
विद्यालय को सामाजिक इकाई क्यों माना जाता है?

b) School maping
स्कूल मैपिंग

c) Role of School Management Committee (SMC)
विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका

D.El.Ed. I Year Annual Examination 2022

Paper Code: 101

Roll No. D0046374

Total Pages : 7

D.El.Ed-I/1/22

# Child Development
# बाल विकास

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 75**

समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 75

## GENERAL INSTRUCTIONS:

i) All questions are compulsory.

ii) This question paper has two parts I and II. Part-I has five questions of 10 marks each and Part-II has five questions of 5 marks each.

iii) The expected length of the answer of questions of Part-I (10 marks) is approximately 600 words and it is 300 words for the questions of Part-II (5 marks).

## सामान्य निर्देशः

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) इस प्रश्न पत्र के दो भाग हैं। भाग-I में 10-10 अंकों के पाँच प्रश्न हैं। भाग-II में 5-5 अंकों के पाँच प्रश्न हैं।

iii) भाग-I के प्रश्नों (10 अंक) के लिए आपसे अपेक्षा है कि आप उत्तर लगभग 600 शब्दों में लिखें तथा भाग-II के प्रश्नों (5 अंक) का उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखें।

## Part-I

## भाग-I

1. Mention any five differences between growth and development. Also describe any five principles of development. (5+5)

वृद्धि व विकास के मध्य कोई पाँच अन्तर बताइए। विकास के किन्हीं पाँच सिद्धान्तों का भी वर्णन कीजिए।

OR

अथवा

Explain how heredity and environment influence the development of a child. Also discuss how teachers can provide a rich and stimulating environment to their children for their optimum development?

वंशानुक्रम व वातावरण एक बच्चे के विकास को किस प्रकार प्रभावित करते हैं, वर्णन कीजिये। और इस बात पर भी चर्चा कीजिये कि अध्यापक अपने बच्चों को, उनके समुचित विकास के लिए, किस प्रकार एक समृद्ध व उद्दीपक वातावरण उपलब्ध करा सकते हैं?

2. What do you understand by 'Play'? Which play activities, a teacher can organize in school, to facilitate physical, motor, cognitive and socio-emotional development among primary school children? Briefly write any two play activities related to any development. (2+8)

'खेल' से आप क्या समझते हैं? प्राथमिक विद्यालयी बच्चों के शारीरिक, गतिक, संज्ञानात्मक और सामाजिक-संवेगात्मक विकास को सुगम बनाने हेतु, शिक्षक कौन-सी खेल गतिविधियों का आयोजन विद्यालय में कर सकते हैं? किसी एक विकास से संबंधित किन्हीं दो खेल क्रियाओं के विषय में संक्षेप में लिखें।

3. Describe any five factors affecting emotional development of the child. What can a teacher do in bringing balanced emotional development among children, suggest any five ways. (5+5)

बच्चे के संज्ञानात्मक विकास को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच कारकों का वर्णन कीजिए। बच्चों में संतुलित संवेगात्मक विकास के लिए अध्यापक क्या कर सकते हैं? कोई पाँच सुझाव दीजिए।

4. Explain Jean Piaget's theory of cognitive development. Also mention it's any two educational implications. (8+2)

जीव पियाजे के संज्ञानात्मक सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। इसके कोई दो शैक्षिक निहितार्थ भी बताइए।

OR

अथवा

Explain Vygotsky's theory of social cognitive development. Also mention it's any two educational implications. (8+2)

व्यगोत्स्की के सामाजिक संज्ञानात्मक सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। इसके शैक्षिक निहितार्थ भी बताइए।

5. Define 'Integrated Personality'. Discuss citing any four examples how a teacher can help children develop healthy habits and other aspects of an integrated pesonality. (2+8)

एकीकृत व्यक्तित्व को परिभाषित करें। किन्हीं चार उदाहरणों सहित इस बात पर भी चर्चा करें कि बच्चों में अच्छी आदतों और एकीकृत व्यक्तित्व के अन्य पहलुओं के विकास में, अध्यापक बच्चों की सहायता किस प्रकार कर सकता/सकती है।

6. What do you know about naturalistic observation? How can this technique be used to collect required information about the child. (2+3)

'स्वाभाविक अवलोकन' से आप क्या समझते हैं? इस तकनीक का प्रयोग बच्चे के विषय में आवश्यक सूचना एकत्र करने के लिए किस प्रकार किया जा सकता है?

OR

अथवा

What do you understand by 'reflective journals'? How can these journals be used for collecting information about the children? (2+3)

चिन्तनशील (रिफ्लेक्टिव) जर्नल से आप क्या समझते हैं? बच्चों के विषय में आवश्यक सूचना एकत्र करने में इनका प्रयोग किस प्रकार किया जा सकता है?

7. What do you mean by motor development? What kind of activities would you organize in your school to develop gross and fine motor skills among children? (2+3)

गतिक विकास से आप क्या समझते हैं? बच्चों में स्थूल और सूक्ष्म गतिक कौशलों के लिए, आप अपने विद्यालय में किस तरह की गतिविधियों का आयोजन करेंगे? प्रत्येक विकास हेतु किन्हीं तीन क्रियाओं के विषय में लिखिए।

8. What roles do the family and teachers play in socio-emotional development of the child. Discuss with any five relevant examples. (1x5=5)

बच्चे के सामाजिक-संवेगात्मक विकास में परिवार और शिक्षक क्या भूमिका निभाते हैं? किन्हीं पाँच उपयुक्त उदाहरणों सहित चर्चा करें।

9. Discuss with examples any five factors affecting cognitive development of the children. (1x5=5)

बच्चों के संज्ञानात्मक विकास को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच कारकों के विषय में उदाहरण सहित चर्चा कीजिए।

10. What are life skills? Briefly discuss any three life skills by giving one example for each. (2+3=5)

'जीवन कौशल' क्या हैं? किन्हीं तीन जीवन कौशलों के विषय में प्रत्येक के लिए एक-एक उदाहरण देते हुए संक्षिप्त चर्चा कीजिए।

OR

अथवा

What are 'defence mechanisms'? Briefly discuss any three defence mechanisms by giving one example for each. (2+3=5)

'रक्षात्मक युक्तियाँ' क्या होती हैं? किन्हीं तीन रक्षात्मक युक्तियों के विषय में प्रत्येक के लिए एक-एक उदाहरण देते हुए संक्षिप्त चर्चा कीजिए।

**D.El.Ed. I Year Annual Examination 2022**

**Paper Code: 104** *Roll No.................*

**Total Pages : 4**

**D.El.Ed-I/04/22**

# Language Education (Hindi)

# हिन्दी भाषा-शिक्षा

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 75**

समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 75

**सामान्य निर्देशः**

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) इस प्रश्न के दो भाग हैं। भाग-I में 10-10 अंकों के पाँच प्रश्न हैं। भाग-II में 5-5 अंकों के पाँच प्रश्न हैं।

iii) भाग-I के (दस अंक) वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 600 शब्दों में लिखें तथा भाग-II के (पाँच अंक) के प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखें।

******

## भाग-I

1. व्याकरण को भारतीय परंपरा में 'शब्दानुशासन' क्यों कहा गया है? क्या प्राथमिक स्तर पर अलग से व्याकरण शिक्षण किया जाना चाहिए? तर्कों और उदाहरणों से पुष्ट कीजिए। (3+7=10)

यह एक प्रामाणिक सत्य है कि बालिका या बालक अपने परिवेश में बोली जाने वाली भाषा को अनायास ही अर्जित कर लेते हैं। इस संदर्भ में बोलियों और मानक भाषा के महत्व को अलग-अलग रूप में समझाइए। (5+5=10)

3. गद्य और पद्य शिक्षण के अंतर को स्पष्ट करते हुए गद्य और पद्य शिक्षण की किन्हीं दो-दो विधियों का वर्णन कीजिए। (2+4+4=10)

अथवा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्रिपेटरी स्तर (कक्षा 3-5) के लिए पद्य शिक्षण की एक ऐसी आदर्श पाठ-योजना बनाइए जिसमें कविता विधा के प्रति विद्यार्थियों में रूचि उत्पन्न करने के लिए विशेष प्रविधि अपनायी गयी हो। (10)

. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बुनियादी स्तर पर भाषा शिक्षण के मूल्यांकन के कौन-कौन से उद्देश्य होने चाहिए? उत्तर दीजिए। (3+7=10)

'मूल्यांकन' शिक्षण प्रक्रिया का अनिवार्य और अभिन्न अंग है।' इस कथन की समीक्षा करते हुए भाषा शिक्षण में मूल्यांकन के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए। (2+3+5=10)

5. "सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में पाठ्य सहगामी क्रियाएँ, विषय को शीघ्र ग्रहण करने की क्षमता विकसित करती हैं।" इस संदर्भ में पाठ्य सहगामी क्रियाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार अभिव्यक्त कीजिए। (10)

## भाग-II

6. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x5=5)

क) स्वर और व्यंजन में अंतर एक वाक्य में दीजिए।

ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए - वृक्ष, पृथ्वी

ग) निम्नलिखित के विपरीत अर्थ लिखिए - अपकर्ष, पतन

घ) तत्सम और तद्भव शब्दों के एक-एक उदाहरण लिखिए।

ङ) जातिवाचक संज्ञा के दो उदाहरण लिखिए।

7. 'मौखिक अभिव्यक्ति कौशल' और 'पठन कौशल' में क्या अंतर है? उक्त दोनों कौशलों के मूल्यांकन की पाठ योजना प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

श्रवण कौशल और सम्प्रेषण कौशल में क्या संबंध है? भाषा शिक्षण की दृष्टि से श्रवण कौशल के विकास के लिए अपनाई जाने वाली विधियों का वर्णन कीजिए। (1+4=5)

P.T.O.

8. पद्य शिक्षण को सार्थक और [illegible] सहगामी क्रियाओं की भूमिका स्पष्ट कीजिए। ऐसी किन्हीं तीन पाठ्य सहगामी क्रियाओं की विवेचना कीजिए जो पद्य शिक्षण को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। (2+3=5)

9. भाषा शिक्षण की दृष्टि से 'सतत् और व्यापक मूल्यांकन' की अवधारणा और महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। (2+3=5)

10. वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इंटरनेट, जनसंचार साधन, पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण तथा अन्य दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्रियों का महत्त्व क्यों बढ़ गया है? भाषा शिक्षण के संदर्भ में प्रत्येक भाषा शिक्षक के लिए इन सहायक सामग्रियों के प्रयोग की अनिवार्यता रहेगी। इस विषय पर विचार अभिव्यक्त कीजिए। (2+3=5)

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए -

क) आदर्श पाठ योजना

ख) उपचारात्मक शिक्षण

ग) भाषा शिक्षण का ज्ञानात्मक उद्देश्य (2½+2½=5)

# D.El.Ed. I Year Annual Examination 2022

**Paper Code: 103** *Roll No.* 00046374

Total Pages : 4

**D.El.Ed-I/3/22**

# Educational Technology
# शैक्षिक तकनीकी

**Time : 2½ Hours**
समय : 2½ घंटे

**Maximum Marks : 50**
अधिकतम अंक : 50

## GENERAL INSTRUCTIONS:

i) All questions are compulsory.

ii) Question No.1 is of 10 marks. It has five parts of 2 marks each. The expected length of answer is approximately 50 words.

iii) Question No.2 to 6 are of 8 marks each. The expected length of answer is approximately 500 words.

## सामान्य निर्देश:

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) प्रथम प्रश्न 10 अंक का है। इसके पाँच भाग हैं तथा सभी भाग 2 अंकों के हैं। प्रत्येक भाग का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।

iii) प्रश्न न. 2 से 6 तक हर प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

P.T.O.

1a) Write the concept of e-learning briefly. (2)
ई-लर्निंग की अवधारणा के बारे में संक्षेप में लिखिए।

b) How will you depict communication cycle through a flow diagram? (2)
संप्रेषण-चक्र को प्रवाह रेखाचित्र (फ्लो डायोग्राम) के माध्यम से आप कैसे चित्रित करेंगे?

c) How will you use newspapers in teaching Hindi? (2)
आप समाचार पत्र का हिंदी शिक्षण में किस प्रकार उपयोग करेंगे?

d) What are visual projected aids in teaching? (2)
शिक्षण में दृश्य-आक्षेपी सामग्री क्या है?

e) Define micro-teaching. (2)
सूक्ष्म-शिक्षण की परिभाषा लिखिए।

2. Define Educational Technology. Differentiate between Technology of Education and Technology in Education. Discuss with three examples how you will integrate software with hardware in your teaching. (2+3+3=8)
'शैक्षिक तकनीकी' की परिभाषा लिखिए। शिक्षा की तकनीकी तथा शिक्षा में तकनीकी में अंतर स्पष्ट कीजिए। अपने शिक्षण में हार्डवेयर के साथ सॉफ्टवेयर को कैसे समाहित करेंगे? किन्हीं तीन उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए।

3. Define communication. Explain how you will make classroom communication effective with your understanding of Dale's Cone of Experience. Explain briefly the use of e-mail in teaching-learning. (1+4+3=8)

संप्रेषण को परिभाषित कीजिए। डेल कॉन ऑफ़ एक्सपीरियंस की समझ से आप कक्षा-कक्ष संप्रेषण को कैसे प्रभावी बनाएंगे, व्याख्या कीजिए। शिक्षण-अधिगम में ई-मेल के उपयोग के बारे में संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

4. What is multiple technology? Explain the factors you will consider in selection and integration of technology in classroom teaching. Briefly explain the main steps of developing educational video script. (3+3+2=8)

बहु-तकनीकी क्या है? कक्षा-कक्ष शिक्षण में तकनीकी का चयन और एकीकरण के लिए जिन कारकों का आप विचार करेंगे, व्याख्या कीजिए। शैक्षिक वीडियो स्क्रिप्ट निर्माण के मुख्य चरणों को संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

5. What is educational radio? Explain how radio promotes equality and access in education in our country. How would you use digital audio recorder and player for improving your teaching? (2+4+2=8)

शैक्षिक रेडियो क्या है? हमारे देश में शिक्षा में समानता एवं पहुँच को रेडियो कैसे बढ़ावा दे रहा है, समझाएँ। अपने शिक्षण को बेहतर करने के लिए डिजिटल ऑडियो रिकॉर्डर एवं प्लेयर का उपयोग कैसे करेंगे?

OR

अथवा

P.T.O.

What are adaptive and assistive technologies/devices for inclusive classrooms? Explain, how you will utilise assistive technologies for the visually challenged students in an inclusive classroom. Write briefly the educational use of digital camera. (2+4+2=8)

समावेशी कक्षाओं में अनुकूलित एवं सहायक प्रौद्योगिकियाँ/उपकरण क्या है? एक समावेशी कक्षा में दृष्टिबाधित/विद्यार्थियों के लिए आप सहायक (assistive) प्रौद्योगिकी/उपकरणों का कैसे उपयोग करेंगे, व्याख्या कीजिए। डिजिटल कैमरा का शैक्षणिक उपयोग संक्षेप में लिखें।

6. What is simulated teaching? Explain the advantages and disadvantages of micro-teaching in preparing teachers in the present times. Develop a micro-lesson plan for 5 minutes for developing skill of pupil participation on any topic of any subject from classes 1 to 5. (1+3+4=8)

सिमुलेटेड टीचिंग क्या है? वर्तमान में शिक्षक तैयारी में सूक्ष्म-शिक्षण के लाभ तथा हानि की व्याख्या कीजिए। कक्षा 1 से 5 के किसी भी उपविषय पर विद्यार्थी सहभागिता कौशल पर 5 मिनट की सूक्ष्म शिक्षण पाठ योजना तैयार कीजिए।

OR

अथवा

What is ICT? Explain any 3 role of Educational Technology in Continuous and Comprehensive Evaluation. How will you teach EVS and Mathematics effectively, using ICT in primary classes - explain with examples. (1+3+4=8)

आई.सी.टी. क्या है? सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन में शैक्षिक तकनीकी की किन्हीं तीन भूमिका की व्याख्या कीजिए। आप गणित एवं पर्यावरण अध्ययन आई.सी.टी. की सहायता से किस प्रकार पढ़ायेंगे? व्याख्या कीजिए (उदाहरण सहित)।